

**एक नजर में**

## साक्षरता शिविर में किया लोगों को जागरूक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में आज जिला जेल टीकमगढ़ में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ श्रीमती सुनीता गोयल द्वारा जिला जेल टीकमगढ़ में निरीक्षण सहित विधिक साक्षरता शिविर किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल चिकित्सालय, भोजन सामग्री, साफ-सफाई, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई एवं जेल में निरूद्ध बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी तथा अनुज कुमार चंसौरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा उपस्थित बंदीजन को नि:शुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही जेल में निरूद्ध बंदीगण द्वारा किये जा रहे भजन-कीर्तन में सहभागिता की। इस अवसर पर जेलर एके शुक्ला, सहित जेल कर्मचारीगण एवं अधिक संख्या में बंदीगण उपस्थित रहे।

# रेडियोग्राफर की कमी से जूझ रही एक्स-रे मशीन

**नौ माह से ताले में कैद है एक्स-रे मशीन**

**कर्मचारी के न होने से मरीज हो रहे परेशान**







**नवभारत न्यूज टीकमगढ़/ जतारा**

**प्रदेश सरकार के मुखिया का प्रयास है कि प्रदेश सहित सभी जिलों के शासकीय अस्पतालों में मरीजों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिले और मरीजों का सही उपचार हो सके। यहां तक की शासकीय अस्पतालों में दबाओं से लेकर उपचार के लिए होने बाली सभी प्रकार की जांचे निशुल्क की जाती है। लेकिन जिले के जतारा नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पिछले कई महीने से नई एक्स-रे मशीन ताले में कैद है क्योकि इस मशीन को आपरेट करने बाला कर्मचारी 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो चुका है। जब से आज दिनांक तक स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने जतारा एक्स-रे मशीन का संचालन करने किसी अन्य कर्मचारी को यहां तैनात नहीं किया है। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। नागरिकों ने जिला कलेक्टर से इस समस्या का समाधान कराएं जाने की मांग की है।**

दरअसल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतारा में मरीजों की सुविधा के लिए लगाई नई एक्स-रे मशीन पिछले नो माह से ताले में बंद पड़ी है क्योकि यहां रेडियोग्राफर का अभाव है। पूर्व में जो रेडियोग्राफर यहां पदस्थ थे वह 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो चुके थे। इसके बाद से अब तक किसी नए रेडियोग्राफर की नियुक्ति ना होना कही ना कही स्वास्थ्य विभाग में बैठे जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सबालियां निशान लगा रहा है। अस्पताल का उन्नयन सिविल अस्पताल के रूप में हो जाने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या से अनजान बने हुए हैं। एक्स-रे सुविधा बंद होने से आसपास के दर्जनभर ग्रामों के मरीजों को टीकमगढ़ या पलेरा जाकर एक्स-रे कराना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि दुर्घटनाओं या हड्डी टूटने जैसे मामलों में तत्काल एक्स-रे की जरूरत होती है लेकिन सुविधा बंद होने से मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**जिला प्रशासन से किया जा चुका पत्राचार**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ बीएमओ अंकित साहू से जब इस संबंध में बात की तो उन्होनें बताया कि एक्स-रे कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने के कारण यह समस्या बन रही है। इसकी स्थापना प्रदेश स्तर से होती है। उन्होनें बताया कि जिला प्रशासन से पत्राचार किया जा चुका है। जैसे ही उक्त पद पर किसी कर्मचारी की पदस्थापना जैसी ही होती है। उसके बाद एक्स-रे मशीन का लाभ मरीजो को मिलने लगेगा। उन्होनें कहा कि प्रयास है कि जल्द ही इस समस्या का समाधान हो सके।

## 3 नवंबर से होगा क्रिकेट महाकुंभ का आयोजन



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। क्रिकेट क्लब समिति चौबारा एवं खेल, युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेन्ट आयोजन प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 माता चक्कागोई चौबारा द्वारा 3 नवंबर से 13 नवंबर तक दस दिवसीय क्रिकेट महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है।**

इस13 वां आयोजन की तैयारियों शासन एवं संस्था द्वारा विशेष रूप से की जा रही है निरंतर इस स्पर्धा में 20 राज्य स्तरीय टीमें भाग लेती है। यह जानकारी क्रिकेट क्लब समिति चौबारा संस्थापक हरीशंकर विश्वकर्मा ने बुधवार को प्रेसवार्ता में दी है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा टीमों को रूकने एवं नाश्ता, भोजन पानी की मुख्य रूप से व्यवस्थाएं की गई है। विजेता टीम को 51,101 रूपये कप एवं शील्ड से सम्मानित किया जाएगा। उप विजेता को 21,101 रूपये एवं शील्ड से सम्मानित किया जाना है। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में खेल मंत्री मप्र शासन एवं प्रभारी मंत्री टीकमगढ़ उपस्थित रहेगी। जैसे कि ग्रामीण क्षेत्रों में हमारे देश का गौरव बनी युवा खिलाड़ी क्रांति गौड़ ने भी पिछले वर्ष चक्का गोई माता स्टेडियम चौवारा में खेलकर हमारे मध्यप्रदेश के गौरवशाली बेटी ने विश्व का गौरव प्राप्त किया।

# पुत्री को अगुवा करने का लगाया आरोप



**नवभारत न्यूज खरगापुर। थाना खरगापुर अंतर्गत ग्राम पाली निवासी रामस्वरूप लोधी तनय विन्दा लोधी ने अपनी पुत्री रेखा देवी को अगुवा करने का आरोप लगाते हुए एसपी कार्यलय में शिकायत दर्ज कराई है।**

शिकायती आदेवन में पीड़ित ने बताया कि दीपावली की रात्रि 8-9 बजे के करीब पूजा करके घरवालों ने रेखा को दूसरे मकान पर दीपक रखने के लिए भेजा जब वह दीपक रखकर अपने घर वापिस घर आ रही थी इसी बीच गांव का ही रहने बाला रोहित राजपूत रास्ते से उठाकर ले गया।

ऐसा आरोप पीड़ित पक्ष ने लगाया है उन्होनें बताया कि इस मामले की शिकायत खरगापुर थाना पुलिस ने दर्ज कराई थी मगर पुलिस ने एफआईआर ना देकर एनसीआर दे दी थी। उन्होनें इस मामले में खरगापुर थाना पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। थाना खरगापुर अंतर्गत ग्राम पाली निवासी रामस्वरूप लोधी तनय विन्दा लोधी ने अपनी पुत्री रेखा देवी को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए एसपी कार्यलय में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित पक्ष ने एसपी मनोहर सिंह मंडलोई से इस मामले में उचित न्याय दिलाए जाने की मांग की है।

## जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। संयुक्त सचिव जल जीवन मिशन भारत सरकार श्रीमती स्वाति मीना नाईक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष टीकमगढ़ में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन डीडब्ल्यूएसएम की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी टीकमगढ, महाप्रबंधक जल निगम मर्यादित ईकाइ छतरपुर, डीडब्ल्यूएसएम के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।**

बैठक में सर्वप्रथम महाप्रंबधक जल निगम मर्यादित छतरपुर द्वारा बताया गया जिले में बानसुजारा बांध समूह जल प्रदाय योजना द्वारा 201 ग्रामों में कार्य कराया जा रहा है, जिसमें विकासखण्ड टीकमगढ़ के 165 ग्राम एवं विकासखण्ड बल्देवगढ़ के 36 ग्राम सम्मिलित है। योजना से 28421 एफ एचटीसी दिया जाना प्रस्तावित है। 201 ग्रामों में से 78 ग्राम ओव्हरलैप की श्रेणी में है। उर्पयुक्त ओव्हरलैप ग्रामों में ग्राम के अंदर डिस्ट्रीव्यूशन सिस्टम कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निर्मित कराये जाना है एवं जल निगम द्वारा टंकी तक पाइप लाइन के माध्यम से बल्क वाटर दिया जावेगा। स्त्रोत निर्माण हेतु ग्रामीण पंचायत विभाग से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।

# निर्वाचक नामावली के विशेष गहन परीक्षण पर चर्चा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2025 के संबंध में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की विस्तार से जानकारी दी।**

इस अवसर पर अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, जिला जनसंपर्क अधिकारी सुश्री शेफाली तिवारी सहित संबंधित अधिकारी तथा जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा डिजिटल मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रेसवार्ता में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्र देना, प्राप्त करने का कार्य किया जायेगा तथा इसी अवधि में मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण कर लिया जायेगा। मतदान केन्द्रों पर 1200 तक वोटर होने पर नया मतदान केन्द्र की आवश्यकता पर निर्वाचन आयोग की पूर्व अनुमति के सिवाय विचार नहीं किया जायेगा।

## रोजगार मेला में 466 आवेदक चयनित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, रोजगार विभाग तथा शासकीय आईटीआई, टीकमगढ़ के संयुक्त सहयोग से युवा संगम, संयुक्त रोजगार मेला का सफ ल आयोजन शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ परिसर में किया गया। जिनमें से 466 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया।**

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 9 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जिनके प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न पदों हेतु साक्षात्कार प्रक्रिया संपन्न की गई। युवा संगम, रोजगार मेला में कुल 572 आवेदक उपस्थित हुए, जिनमें से 466 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। शिविर में विभिन्न कंपनियों ने भाग लिया।

# सर्द हवाओं का दौर जारी, बूंदाबांदी की संभावना

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़ पिछले 48 घंटों से सर्द हवाओं का दौर जारी है जिससे ठिठुरन बढ़ गई है। दिन और रात के तापमान में केवल 4.5 डिग्री सेल्सियस का अंतर रह गया है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है।**



शहर में दिन का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और रात का न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। तापमान में इस अचानक गिरावट के कारण गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। सिविल लाइन रोड पर कई दुकानदारों ने गर्म कपड़ों की दुकानें लगा ली हैं। पिछले शुक्रवार से सोमवार तक रुक-रुक कर बारिश होती रही थी हालांकि मंगलवार को बारिश नहीं हुई। इसके बावजूद सर्द हवाओं ने ठिठुरन को और बढ़ा दिया है।भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.02 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। सोमवार को दिन का पारा घटकर 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार ओडिशा में आए मौन्था तूफान का असर आने वाले दिनों में टीकमगढ़ में भी दिख सकता है। तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है और अगले तीन दिनों तक बूंदाबांदी की आशंका भी जताई गई है। शनिवार और रविवार से धूप निकलने की संभावना है। खराब मौसम के कारण रबी फसलों की बुवाई पर संकट गहरा गया है। बार-बार हो रही बारिश के चलते फसल की बोनी में देरी हो रही है।

# 2 हजार हेक्टेयर शासकीय जमीन अतिक्रमण से मुक्त

**जतारा रेंजर के नेतृत्व में वन अमले ने की कार्यवाही**

**15 सौ हेक्टेयर भूमि को सुरक्षित कर कराया पौधरोपण**



**नवभारत,न्यूज जतारा। वन परिक्षेत्र जतारा अंतर्गत लगातार वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही हैं विगत तीन वर्षों में जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार के द्वारा लगभग 2000 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि पर अतिक्रमण हटाकर 1500 हेक्टेयर से भी अधिक वन भूमि पर लाखों की संख्या में पौधा रोपण कराकर वन भूमि को सुरक्षित कराया गया है।**

अतिक्रमण बेदखली की कार्यवाही के दौरान लगातार चौथे दिन जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार का अतिक्रमण विरोधी बुलडोजर रामनगर और पुरैनिया के जंगल की वन भूमि पर गर्जा जहां पर वन परिक्षेत्र जतारा की बीट रामनगर के कक्ष क्रमांक आर एफ 297 के जंगल में निर्मित गुंदराई तालाब में अतिक्रमणकारियों द्वारा लगभग 10 हेक्टेयर बन भूमि पर अतिक्रमण कर फसल बुवाई और जुताई का कार्य वर्षों से अतिक्रमण करके किया जा रहा था जिसको दल बल के साथ मौके पर जाकर वन भूमि पर बनी पत्थर की खकरी,दीवार और बागड़ को नष्ट करते हुए अस्थाई झोपड़ियां हटाकर अतिक्रमित वन भूमि में बड़े बड़े गड्ढे और गहरी खाईया खोदकर उन पर कंटीली प्रजातियों की बुवाई करके 10 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराकर चारों तरफ से सीपीटी खोदकर सुरक्षित कराया गया। उक्त कार्यवाही वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व में की गई जिसमें राजेश विक्रम सिंह वनपाल, रियाजउद्दीन काजी वनपाल, पुष्पेंद्र वनरक्षक, संजय दीक्षित वनरक्षक, जयराम अहिरवार वनरक्षक,ललित राय वनरक्षक, विकास वर्मा वनरक्षक, धीरज सोनी वनरक्षक, अजय सैनी वनरक्षक, जयप्रकाश यादव वनरक्षक, एवं अन्य वन आमला शामिल रहा। वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही हैं विगत तीन वर्षों में जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार के द्वारा लगभग 2000 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि पर अतिक्रमण हटाकर 1500 हेक्टेयर से भी अधिक वन भूमि पर लाखों की संख्या में पौधा रोपण कराकर वन भूमि को सुरक्षित कराया गया है।

**शिकायत** | **आरटीआई कार्यकर्ता ने कलेक्टर से की शिकायत**

# आरईएस विभाग की टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आरईएस विभाग में टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं का मामला सामने आया है। शहर के आरटीआई कार्यकर्ता शुभम व्यास ने इस संबंध में पीएमओ सहित कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पहले भी शिकायत की थीए लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई थी।**

शुभम व्यास ने आरोप लगाया है कि प्रभारी कार्यपालन यंत्री अर्पित चौधरी और निविदा लिपिक ने ऑफ्लाइन निविदाएं आमंत्रित कर नियमों का उल्लंघन किया और शासन को भारी आर्थिक क्षति पहुंचाई। यह खुलासा सूचना के अधिकार आरटीआई के तहत मिली जानकारी से हुआ है। आरोप है कि चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए सांठगांठ की गई। शिकायतकर्ता के अनुसार पीएम विद्यालय योजना, खेल मैदानों, बास्केटबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन कोर्ट, मरम्मत और शौचालय निर्माण जैसे कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की गईं। शासन के नियमों के विपरीत ऑफलाइन निविदाएं बुलाकर आर्थिक लाभ अर्जित किया गया। आरटीआई जानकारी बताती है कि जहां अधिकांश कार्य इ-टेंडरिंग से 24 से 35 प्रतिशत कम दरों पर हुए, वहीं अजनौर, आचार्य धाम, कंजना, देरी, अनंतपुरा और स्यावनी जैसे गांवों में जानबूझकर ऑफलाइन निविदाएं आमंत्रित की गईं।आरोप है कि एक ही योजना के तहत समान प्रकृति के कार्यों को छोटे-छोटे भागों में तोड़कर अलग-अलग ऑफ लाइन निविदाएं बुलाई गई जबकि नियमों के अनुसार ऐसे कार्यों की एक ही निविदा जारी होनी चाहिए। उदाहरण के तौर परए ग्राम अनंतपुरा और स्यावनी में पांच-पांच लाख रुपये के खेल मैदान निर्माण कार्यों को तीन भागों में बांटा गया। इसी तरहए अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास चंदेरा और कन्या छात्रावास डुंडा में भी मरम्मत कार्यों की निविदाएं ऑफलाइन बुलाकर मनचाहे ठेकेदारों को दी गईं। शुभम व्यास ने कलेक्टर से बीते चार वर्षों में जारी सभी ऑफ लाइन निविदाओं की विस्तृत जांच की मांग की है। शहर के आरटीआई कार्यकर्ता शुभम व्यास ने इस संबंध में पीएमओ सहित कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है।

**नामचीन फर्मों को पहुंचाया अनुचित लाभ**

शुभम व्यास ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से बीते चार वर्षों में जारी सभी ऑफलाइन निविदाओं की विस्तृत जांच की मांग की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि देवेंद्र खरे, शारदा कंस्ट्रक्शन और मां वैष्णो इलेक्ट्रिकल्स जैसी फर्मों को बार-बार अनुचित लाभ पहुंचाया गया है। जो जांच का विषय है उन्होंने मांग की है कि इस मामले में अगर निष्पक्ष जांच की जाती है तो कई कारनामों का खुलासा हो सकता है।

## प्रशिक्षण के लिए लगाई गई ड्यूटी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की गतिविधियों की तैयारी हेतु विधानसभावार बीएलओ को प्रशिक्षण दिये जाने हेतु मास्टर ट्रेनर्स की ड्यूटी लगाई गई है।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में तथा संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयर हाउस जिला निर्वाचन कार्यालय में सभी मास्टर ट्रेनर्स का जिला स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान सभी नियुक्त मास्ट्रर ट्रेनर्स को एसएलएमटी एवं डीएमएलटी के द्वारा जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया गया। सभी मास्टर ट्रेनर्स विशेष पुनरीक्षण एसआईआर की गतिविधियों की तैयारी हेतु विधानसभावार बीएलओ को प्रशिक्षण देंगे।

# लोगों को मिलेगी वंदे भारत की सौगात



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। श्री राम राजा सरकार की पावन नगरी व विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी ओरछा के लोगों को अब जल्द ही पहली वंदे भारत ट्रेन मिलने की आस बंधी है क्योंकि इसके लिए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है।**

पत्र में श्री सिंधिया ने बताया कि कहते हैं सर्वव्यापक राजाराम के दो निवास है खास, दिवस रहत ओरछा शयन अयोध्या वास यहां यह मांग इस आधार पर प्रबलता से उठा जा रही है कि ओरछा में विराजे श्री राम राजा सरकार दिन में ओरछा में रहते हैं और रात्रि विश्राम अयोध्या में करते हैं इसलिए यदि यह ट्रेन वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी से चलकर ओरछा, चित्रकूट, प्रयागराज होते हुए अयोध्या तक शुरू कर दी जाए तो धर्म में आस्था रखने वालों को प्रभु श्री राम के तीनों प्रमुख तीर्थों के दर्शनों के साथ ही विश्व के एकमात्र त्रिवेणी संगम प्रयागराज में स्नान करने का भी सौभाग्य प्राप्त हो सकेगा।